BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

Prof. D. K. Srivastava
Head
EMAIL: bsnvpgc1954@gmail.com
MOB. NO.: 0522-2635513

DATE: 18/03/2024

16 मार्च 2024 को कॉमर्स सेमिनार हॉल में (स्मार्ट रूम) में एक व्याख्यान आयोजित

आज दिनांक 16 मार्च 2024 को कॉमर्स सेमिनार हॉल में (स्मार्ट रूम) में एक व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता लखनऊ विश्वविद्यालय गणित एवं खगोल विज्ञान विभाग की प्रोफेसर मीना सहाय थी | कार्यक्रम की शुरुआत में प्रोफेसर मीना सहाय का स्वागत एवं अभिनंदन बप्पा श्री नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गणित विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रोफेसर के के बाजपेई द्वारा उनको पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया एवं इसी क्रम में आचार्य डॉ जय प्रताप सिंह द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्रा का स्वागत ,सत्कार गुलाब का पुष्प देकर किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षक और स्नातकोत्तर स्तर के छात्र-छात्राओं ने रुचि पूर्वक अपनी सहभागिता प्रदान की। प्रोफेसर मीना सहाय द्वारा दिए गए व्याख्यान में छात्रों को स्नातकोत्तर स्तर पर होने वाली असुविधाओं और उनके मास्टर थीसिस के संबंध में विस्तार से बताया गया प्रोफेसर मीना सहाय द्वारा व्याख्यान के अंत में छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का बखूबी उत्तर दिया गया जिन छात्रों ने प्रोफेसर मीना सहाय से स्नातकोत्तर स्तर पर पढ़ायें जाने वाले गणित विषय के विभिन्न पेपर से संबंधित प्रश्नों को पूछा उसमें मुख्य प्रश्नकर्ता घनश्याम शुक्ला, आशीष कुमार ,सुश्री संबुल खान सुश्री क्रिस्टल विद्या डेनियल ,आशुतोष कुमार ,अवनीश कुमार मिश्रा , सिद्धांत उपाध्याय ,अमन कुमार सिंह आदि सम्मिलित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्रा द्वारा बताया गया की आजकल इंटरनेट के जमाने में संपूर्ण सुविधा होते हुए भी छात्रों का रुझान क्लासरूम टीचिंग के प्रति काम हो रहा है जो की चिंताजनक विषय है मूल्यांकन के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर प्रोफेसर मीना सहाय ने बताया की उत्तर पुस्तिकाओं में उत्तर देते समय क्रम का विशेष ध्यान रखना चाहिए, गणित में थ्योरम की प्रॉपर्टीज को क्रमवार उल्लिखित करना चाहिए। स्नातकोत्तर स्तर चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा क्रिस्टल विद्या डेनियल द्वारा मास्टर थीसिस की प्रस्तुतीकरण के संबंध में प्रश्न किया जिसका उत्तर प्रोफेसर मीना सहाय ने अपने अंदाज में तर्कपूर्ण ढंग से दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर राजीव दीक्षित द्वारा किया गया और कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव प्रोफेसर जेपी सिंह द्वारा दिया गया उन्होंने सबका हृदय से आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में विभाग के समस्त सदस्य , डॉ अमित कुमार गुप्ता डॉ नेहा माथुर,डॉ अश्वनी कुमार श्रीवास्तव एवं डॉ श्रवण कुमार उपस्थित थे उक्त कार्यक्रम की रूपरेखा विभाग के प्रभारी प्रोफेसर डॉक्टर दीपक

कुमार श्रीवास्तव द्वारा तैयार की गई इसके लिए उन्होंने अथक प्रयास करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के गणित एवं खगोल विज्ञान विभाग से निरंतर संपर्क बनाए रखा। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बप्पा श्री नारायण वोकेशनल महाविद्यालय के गणित विभाग की भूरि भूरि प्रशंसा की।

इस प्रकार कार्यक्रम संपन्न हुआ।

Prof. D. K. Srivastava
(Head)